**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
**मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा**

पत्रांकः–नौएडा / उ0म0प्र0(सि0) / 2025 / 678
दिनांकः 20 जून, 2025

प्रेषक,

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
**नौएडा**

सेवा में,

**नोडल अधिकारी**
**भूगर्भ जल विभाग / सदस्य,**
**जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद,**
**जनपद–गौतमबुद्धनगर**

**विषयः–** **भूगर्भ जल पुनर्भरण हेतु तालाबों के माध्यम से पुनर्भरण किए जाने के लिए सूची उपलब्ध करने के सम्बंध में।**

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक–1026 / भू0ज0वि0 / एक्ट(एनओसी) / नो0अधि0 / गौतमबुद्धनगर, दिनांक 27.01.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ वर्तमान भूगर्भ जल के एन0ओ0सी0 धारक उपभोक्ताओं की सूची संलग्न की गई थी।

अवगत कराना है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) में विचाराधीन मूल वाद सं0–177 / 2022 (अभीष्ट कुसुम गुप्ता बनाम् उ0प्र0 राज्य एवं अन्य) में पारित दिशा–निर्देशों के अनुपालन में नौएडा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत 10 तालाबों का कार्य पूर्ण कराया गया है, जिनमें भूजल पुनर्भरण एवं आवश्यक रखरखाव / अनुरक्षण किया जाना प्रस्तावित है। नौएडा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण किये गये तालाबों का विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | एरिया (है0 में) | वर्क सर्किल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदरपुर | 165 | 0.380 | WC-3 |
| 2 | हजरतपुर वाजिदपुर | 116 | 0.3670 | WC-4 |
| 3 | भूड़ा | 169 | 0.0632 | WC-7 |
| 4 | शहदरा | 240 | 0.670 | WC-8 |
| 5 | सालारपुर खादर | 411 | 0.2024 | WC-8 |
| 6 | झट्टा | 246ख | 0.3540 | WC-10 |
| 7 | कोंडली बांगर | 176 | 0.1265 | WC-10 |
| 8 | कोंडली बांगर | 392 | 0.3790 | WC-10 |
| 9 | बादौली बांगर | 374 | 0.2530 | WC-10 |
| 10 | गुलावली | 338 | 1.391 | WC-10 |

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त तालिका में वर्णित 10 तालाबों के पुनर्भरण एवं आवश्यक रखरखाव / अनुरक्षण किये जाने हेतु सक्षम स्तर द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

अतः अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय,

**(विजय रावल)**
उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

**प्रतिलिपिः**

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसके) महोदय को सादर सूचनार्थ।
- विशेष कार्याधिकारी (एमपी) महोदय को सादर सूचनार्थ।
- वरिष्ठ प्रबन्धक, वर्क सर्किल–3, 4, 7, 8 एवं 10 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
नौएडा